Draft 1

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
समाज कल्याण विभाग
7वीं मंजिल, एमएसओ बिल्डिंग, आईटीओ, नई दिल्ली
(प्रशासन शाखा)

फाइल संख्या: F44(105)2024/DSW/Admn/ 706-708 दिनांक: 22/07/24

# परिपत्र

**विषय: हिंदी कार्यशाला 27.08.2024 के आयोजन के संबंध में**

अनुभाग अधिकारी (कला संस्कृति एवं भाषा) आईपी एस्टेट दिल्ली सचिवालय के पत्र संख्या 03(10)/2023/क्रम संख्या एवं भाषा/439 दिनांक 01.07.2024 अनुसार **27.08.2024 को दोपहर 2.30 बजे से 4.30 बजे तक हिंदी कार्यशाला का अयोजन समाज कल्याण विभाग में किया जाना है!**

सभी शाखा प्रमुखों को कहा जाता है की वे अपने अधीनस्थ कार्यरत अधिकारियो/कर्मचारियों को आयोजित की जाने वाली हिंदी कार्यशाला में भाग लेने के लिए आवश्यक निर्देश दे!

22/7/24

अनुभाग अधिकारी
(प्रशासन शाखा, समाज कल्याण विभाग)

(1) सभी शाखा प्रमुख, मुख्यालय, समाज कल्याण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
(2) निजी सहायक सचिव, समाज कल्याण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
(3) निजी सहायक निदेशक, समाज कल्याण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार

206/CC 22/07/24

Record

Please upload on website immediately
22/8/24

238/CC 5:15 Pm
22/8/24

स्पीड पोस्ट

अति–महत्वपूर्ण

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग, सी–विंग, सातवां तल,
आई.पी.एस्टेट, दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली–110 002.

फा.स. 03 (10)/2023–24/क0सं0 एवं भाषा/439 दिनांकः 01.07.2024

सेवा में,
उप – निदेशक (प्रशासन)
समाज कल्याण विभाग,
सातवां तल, एमएसओ भवन,
आईटीओ, नई दिल्ली–2.

विषयः हिन्दी कार्यशाला के आयोजन के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय के संदर्भ में देखने का कष्ट करें । दिल्ली सरकार तथा इसके अधीनस्थ स्थानीय निकायों के अधिकारियों/कर्मचारियों को हिन्दी में कार्य करने के प्रति प्रेरित करने तथा हिन्दी में कार्य करने में आ रही कठिनाईयों के समाधान के लिये भाषा विभाग दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों में हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन करता हैं जिसमें अधिकारियों/कर्मचारियों को हिन्दी में कार्य करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है।

सूचित किया जाता है कि आपके कार्यालय में दिनांक 27.08.2024 को दोपहर 2.30 बजे से 4.30 बजे तक हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा । आपसे अनुरोध है कि उक्त कार्यशाला के आयोजन के लिये स्थान इत्यादि की व्यवस्था करते हुये अपने समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को आयोजित की जाने वाली हिन्दी कार्यशाला में भाग लेने के लिये आवश्यक निदेश देने का कष्ट करें। कार्यशाला में भाग लेने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को कार्यशाला समाप्त होने के बाद हिन्दी में कार्य करने के लिए एक–एक सहायक पुस्तक या शब्दकोश दिया जायेगा। **आपके स्तर पर ब्लैक बोर्ड एंव चॉक की व्यवस्था अनिवार्य है।**

स्पष्ट किया जाता है कि राजभाषा हिन्दी के प्रचार–प्रसार के वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार प्रत्येक विभाग में हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन किया जाना आवश्यक है क्योंकि इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को समयबद्ध रूप से प्रदान की जाती है। कार्यशाला के आयोजन के विषय में किसी प्रकार की जानकारी/मार्गदर्शन हेतु अधोहस्ताक्षरी से संपर्क किया जा सकता है।

भवदीय

आशीष मिश्रा

अनुभाग अधिकारी (कला, संस्कृति एवं भाषा)
दूरभाष संख्या : 23392001–6
एक्सटेंशन नं0 2624, 3734

657/DDC(A)
03/07/24

SO(A)

1254/SO/A
4/7/24

2/7

Most Immediate / Time Bound
Put up urgently
Sh Ajay
5/7/24